अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय,

घंटाघर भागलपुर

Email Id:- ctebhagalpur@gmail.com website:-www.ctebhagalpur.in Phone No:-0641-2300744

अति अल्प कालीन कोटेशन आमंत्रण प्राप्ति हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता के ज्ञापांक–BSEIDC/BGP/EE/CTE/2022/-578 दिनांक 29.12.2023 के द्वारा अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, भागलपुर के परिसर में कैंपस लाइटिंग हेतु प्राक्कलन राशि 4,97,000/–(चार लाख सनतानवे हजार रू0) मात्र निर्धारित की गई है। कैंपस लाइटिंग हेतु राज्य/जिला स्तरीय आधारभूत संरचना का कार्य करने हेतु पंजीकृत/**Empanelled**/अन्य इच्छुक संवेदकों से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

कोटेशन संबंधित दिशा निर्देश निम्नवत् है–

1. कोटेशन सील बंद लिफाफे में दिनांक–05.01.2024 संध्या तक प्राचार्य, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, भागलपुर–812001 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा हाथों–हाथ कार्यालय में जमा कराया जा सकता है।
2. कोटेशन दाता को अनुज्ञा प्रमाण पत्र, **GST NO, PAN Card** तथा आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
3. निर्धारित तिथि दिनांक–08.01.2024 को अपराह्न 04:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में प्राप्त कोटेशन, प्राचार्य कक्ष में गठित आंतरिक समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा।
4. जाँचोंपरांत सबसे कम दर वाले कोटेशन दाता के साथ अनुबंध किया जाएगा।

उपरोक्त अवधि में कोटेशन दाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। विस्तृत सूचना महाविद्यालय से कार्यालय अवधि में या महाविद्यालय के वेबसाइट <u>www.ctebhagalpur.in</u> से प्राप्त की जा सकती है।

कोटेशन को किसी कारण से रद्द करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा। यदि न्यूनतम दर वाले कोटेशन दाता के साथ अनुबंध किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो उसके बाद कम दर वाले कोटेशन दाता का चयन कर अनुबंध किया जाएगा।

प्रभारी प्राचार्य
अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय
भागलपुर

ज्ञापांक.......................... भागलपुर, दिनांक–..................................

प्रतिलिपिः– पंजीकृत/**Empanelled**/अन्य इच्छुक संवेदकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रभारी प्राचार्य
अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय
भागलपुर

ज्ञापांक....734.... भागलपुर, दिनांक–....31.12.23....

प्रतिलिपिः–क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः–निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की सेवा में उनके पत्रांक–20/विविध–01–08/2018–259 दिनांक–23.12.2023 के आलोक में सूचनार्थ समर्पित।

Meenakshi 31.12.2023

प्रभारी प्राचार्य
अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय
भागलपुर